Series BD5AC/5

-3

प्रश्न-पत्र कोड **3/5/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** । **खण्ड अ** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड अ** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(iv)* ***खण्ड ब** में कुल **7** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने पर हाइड्रोजन का विकल्प मिलने की संभावनाएँ बढ़ जाएँगी और हमारे देश में जीवाश्म ईंधन जैसे कच्चा तेल, कोयला आदि पर निर्भरता कम हो जाएगी और इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी पाँच करोड़ टन की कमी आ सकती है । राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का एक अहम् उद्देश्य पेट्रोल-डीज़ल जैसे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता ख़त्म करते हुए देश को स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन का केंद्र बनाना है । यह सही है कि इस समय हाइड्रोजन हमारी धरती पर उपलब्ध सबसे स्वच्छ ईंधन है । मगर समस्या यह है कि पृथ्वी पर मौजूद समस्त हाइड्रोजन किसी दूसरे तत्त्व जैसे पानी या अन्य हाइड्रोकार्बन के साथ गुँथा हुआ है । ऐसे में विलगाने की प्रक्रिया में प्रदूषण होता है । इसलिए इसे स्वच्छ या ग्रीन हाइड्रोजन नहीं कह सकते । ऐसी समस्याओं का इलाज है राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन । उल्लेखनीय है कि इलैक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया से ईंधन तैयार होने की प्रक्रिया पूरी तरह कार्बन उत्सर्जन से मुक्त होती है ।

हाइड्रोजन ईंधन तैयार करने के फिलहाल दो तरीके हैं । पहला तरीका इलैक्ट्रोलिसिस यानी पानी में से बिजली गुज़ार कर हाइड्रोजन ईंधन प्राप्त करने वाला है । दूसरा तरीका प्राकृतिक गैस से हाइड्रोजन और कार्बन को तोड़कर ईंधन तैयार करने का है । इलैक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया से तैयार होने वाले हाइड्रोजन ईंधन में स्वच्छ ऊर्जा इस्तेमाल होती है । सौर ऊर्जा या पवन ऊर्जा वाले बिजलीघरों से मिली बिजली के इस्तेमाल से पानी को इलैक्ट्रोलाइज़ कर हाइड्रोजन अलग की जाती है । ऐसे ईंधन को 'ग्रीन' हाइड्रोजन या जी.एच.-2 या फिर ग्रीन फ्यूल कहते हैं । इस तरह की ऊर्जा के बारे में दावा है कि इससे सबसे बड़ा लाभ तेल शोधन, खाद निर्माण, सीमेंट, स्टील और भारी उद्योगों को होगा, क्योंकि वहाँ हाइड्रोजन ईंधन को सी.एन.जी. और पी.एन.जी. के साथ मिलाकर प्रयोग करने पर ये भारी उद्योग कार्बन मुक्त हो सकेंगे ।


collegedunia

(i) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन* : इलैक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया से ईंधन तैयार करना सर्वोत्तम है ।

*कारण* : ईंधन बनाए जाने की यह प्रक्रिया कार्बन उत्सर्जन से रहित होती है ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(ii) 'ग्रीन फ्यूल' कौन-सा है ?

(A) हरी वनराशि को पीसकर तैयार किया गया ईंधन

(B) पानी और प्राकृतिक ऊर्जा से मिली बिजली से तैयार ईंधन

(C) जीवाश्म ईंधन से इलैक्ट्रोलाइज़ करके तैयार ईंधन

(D) कार्बन उत्सर्जन को नकारते हुए तैयार सस्ता ईंधन

(iii) पृथ्वी पर मौजूद समस्त हाइड्रोजन को 'ग्रीन हाइड्रोजन' क्यों नहीं कहा जा सकता ?

(A) धरती पर उपलब्ध अन्य तत्त्वों के साथ गुँथा हुआ है ।

(B) पानी में मिले अन्य पदार्थ अलग करना असंभव है ।

(C) हाइड्रोजन को तोड़ने में प्रदूषण से बचना कठिन है ।

(D) आज चारों तरफ हरियाली का पर्याप्त अभाव है ।

(iv) जीवाश्म ईंधन से बचना क्यों ज़रूरी है ?

(A) प्रदूषण-रहित पर्यावरण के लिए

(B) अत्यधिक व्यय से बचने के लिए

(C) अत्याधुनिक बनने के लिए

(D) सभी के साथ चलने के लिए


collegedunia

(v) गद्यांश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़िए और उचित विकल्प छाँटकर लिखिए कि हाइड्रोजन ईंधन से हमें कौन-सा/से लाभ मिलेंगे ।

I. जीवाश्म ईंधन, कच्चा तेल आदि पर निर्भरता कम होगी ।

II. सबको बहुत ही सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध होगी ।

III. ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में काफी कमी आ सकेगी ।

**विकल्प :**

(A) I सही है ।

(B) I और III सही हैं ।

(C) III सही है ।

(D) I और II सही हैं ।

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

ये खेत तुम्हारी भरी-सृष्टि,
तिल-तिलकर बोए प्राण-बीज
वर्षा के दिन तुम गिनते हो,
यह परिवा है, यह दूज, तीज ।
बादल वैसे ही चले गए,
प्यासी धरती पाई न भीज,
तुम अश्रु कणों से रहे सींच
इन खेतों की दुख भरी खीज ।
बस चार अन्न के दाने ही,
नैवेद्य तुम्हारा है उदार,
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !


collegedunia

यह नारी-शक्ति देवता की,
कीचड़ है जिसका अंग-राग
यह भीर हुई-सी बदली है,
जिसमें साहस की भरी आग,
कवियों ! भूलो उपमाएँ सब,
मत कहो, कुसुम, केसर, पराग,
यह जननी है, जिसके गीतों से
मृत अंकुर भी उठे जाग ।
उसने जीवन भर सीखा है,
सुख से करना दुख का दुलार !
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !

तुम जन-मन के अधिनायक हो,
तुम हँसो कि फूले-फले देश
आओ, सिंहासन पर बैठो,
यह राज्य तुम्हारा है अशेष !
उर्वरा भूमि के नए खेत के,
नए धान्य से सजे वेश,
तुम भू पर रहकर भूमि-भार
धारण करते हो मनुज-शेष
अपनी कविता से आज तुम्हारी
विमल आरती लूँ उतार
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !

(i) कथन और कारण पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए :

*कथन* : किसान को वर्षा की प्रतीक्षा में एक-एक दिन भारी पड़ता है ।

*कारण* : किसान का परिश्रम वर्षा पाकर ही फलीभूत होता है ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(B) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(C) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है ।

(D) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(ii) कवि ग्राम-देवता को कहाँ बिठाकर सम्मान देना चाहता है ?

(A) ऊँचे पहाड़ पर

(B) उच्च सिंहासन पर

(C) हरे-भरे खेतों में

(D) पेड़ों की छाँव में

(iii) 'मृत अंकुर भी उठे जाग' का अभिप्राय है :

(A) स्नेह-श्रम से बीज भी प्रस्फुटित हो जाते हैं

(B) मृत व्यक्ति भी जीवित हो जाते हैं

(C) माँ बच्चों को लोरी सुनाती है

(D) कुसुम, केसर, पराग जैसी उपमाएँ व्यर्थ हैं

(iv) कवि ने 'नारी-शक्ति' किसे कहा है ?

(A) किसान-पत्नी को

(B) किसान-माँ को

(C) ग्रामीण महिला को

(D) किसान को

(v) काव्यांश में किसान को 'मनुज-शेष' क्यों कहा गया है ?

(A) शेषनाग की भाँति मिट्टी से जुड़े रहने के कारण

(B) ऊसर भूमि को उपजाऊ बनाने की क्षमता के कारण

(C) शेषनाग की भाँति धरती का भार धारण करने के कारण

(D) खेत-खलिहानों का भार धारण करने के कारण


collegedunia

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | पानवाले के लिए यह एक मज़ेदार बात थी लेकिन हालदार साहब के लिए चकित करने वाली । | (I) | मिश्र वाक्य |
| 2. | एक बार ऐसा हुआ कि मूर्ति पर कोई चश्मा नहीं था । | (II) | सरल वाक्य |
| 3. | हालदार साहब चक्कर में पड़ गए । | (III) | संयुक्त वाक्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(C) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

(D) 1-(I), 2-(III), 3-(II)

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

I. कहानी यह कहती है कि बड़े ही नहीं बच्चे भी इसमें शामिल हैं ।

II. उसने पान नीचे थूका और अपनी लाल-लाल बत्तीसी दिखाकर बोला ।

III. अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आई ।

IV. हालदार साहब ने पान खाया लेकिन उससे कुछ पूछा नहीं ।

**विकल्प :**

(A) I और III

(B) II और III

(C) I और IV

(D) II और IV


collegedunia

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य का उदाहरण है :

(A) यदि समय मिले तो सभी समाजों में विद्वानों के व्याख्यान भी सुनें ।

(B) वह अपने विवेक और सूझबूझ से बच्चों के मन की बात समझ लेता है ।

(C) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद वे भोपाल में रहते हैं और 'वसुधा' पत्रिका के संपादन से जुड़े हैं ।

(D) रोचक किस्सागोई शैली में लिखी गई उनकी कहानियाँ हिन्दी की वाचिक परंपरा को समृद्ध करती हैं ।

(iv) 'हमने भी उनके सामने की बर्थ पर बैठकर आत्मसम्मान में आँखें चुरा लीं ।' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा :

(A) जब हम भी उनके सामने की बर्थ पर बैठे तब आत्मसम्मान में आँखें चुरा लीं ।

(B) हम भी उनके सामने की बर्थ पर बैठे लेकिन आत्मसम्मान में आँखें चुरा लीं ।

(C) ज्यों ही हम उनके सामने की बर्थ पर बैठे त्यों ही आत्मसम्मान में आँखें चुरा लीं ।

(D) उनके सामने की बर्थ पर बैठकर भी हमने आत्मसम्मान में आँखें चुरा लीं ।

(v) 'खीरों को खिड़की से बाहर धोया और तौलिए से पोंछ लिया ।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा :

(A) जब खीरों को खिड़की से बाहर धोया तब तौलिए से पोंछ लिया ।

(B) खीरों को खिड़की से बाहर धोया तब तौलिए से पोंछ लिया ।

(C) खीरों को खिड़की से बाहर धोकर तौलिए से पोंछ लिया ।

(D) जैसे ही खीरों को खिड़की से बाहर धोया वैसे ही तौलिए से पोंछ लिया ।


collegedunia

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | अम्मा पैदल चल नहीं सकतीं । | (I) | कर्मवाच्य |
| 2. | यशपाल द्वारा सामंती वर्ग पर कटाक्ष किया गया । | (II) | भाववाच्य |
| 3. | उससे इतनी देर कैसे बैठा जाएगा ? | (III) | कर्तृवाच्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(C) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

(D) 1-(I), 2-(III), 3-(II)

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य के उदाहरण पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

I. आओ, अब छत पर चला जाए ।

II. लेखक ने अपने दृष्टिकोण से संस्कृति की परिभाषा दी ।

III. वे यथार्थवादी शैली के विशिष्ट रचनाकार हैं ।

IV. हमसे रातभर कैसे जागा जाएगा ?

**विकल्प :**

(A) I और II

(B) II और III

(C) III और IV

(D) I और IV

(iii) 'लाहौर के नेशनल कॉलेज से उन्होंने बी.ए. किया ।' यह वाक्य उदाहरण है :

(A) कर्तृवाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य

(D) विचारवाच्य

(iv) 'उनके द्वारा खीरे पर नमक-मिर्च छिड़का गया ।' इस वाक्य का वाच्य है :

(A) कर्तृवाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य

(D) विचारवाच्य

(v) 'हालदार साहब नेताजी की मूर्ति के बदलते चश्मों को देखते ।' (कर्मवाच्य में बदलिए)

(A) हालदार साहब नेताजी की मूर्ति के चश्मों को बदलते देखते हैं ।

(B) हालदार साहब द्वारा नेताजी की मूर्ति के बदलते चश्मों को देखा जाता ।

(C) नेताजी की मूर्ति के बदलते चश्मों को हालदार साहब देखते रहते हैं ।

(D) जो हालदार साहब हैं वे नेताजी की मूर्ति के बदलते चश्में देखते ।

**5.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदों में से किन्हीं ***चार*** पदों के पद-परिचय के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

<u>उनके</u> राम <u>मानवीय</u> मर्यादाओं <u>और</u> आदर्शों के प्रतीक हैं <u>जिनके</u> माध्यम से <u>तुलसी</u> ने उदात्त आदर्शों को प्रतिष्ठित किया ।

(i) <u>उनके</u>

(A) अन्यपुरुष सर्वनाम, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(B) अन्यपुरुष सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक

(C) उत्तमपुरुष सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक

(D) मध्यमपुरुष सर्वनाम, बहुवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक


collegedunia

(ii) <u>मानवीय</u>

(A) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग, 'मर्यादाओं' विशेष्य

(B) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'मर्यादाओं और आदर्शों' विशेष्य

(C) सार्वनामिक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग, 'मर्यादाओं' विशेष्य

(D) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'आदर्शों' विशेष्य

(iii) <u>और</u>

(A) समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, मर्यादाओं और आदर्शों को जोड़ रहा है

(B) व्यधिकरण योजक, एकवचन, स्त्रीलिंग

(C) व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक, मर्यादाओं और आदर्शों को जोड़ रहा है

(D) समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, स्त्रीलिंग, एकवचन, राम और तुलसी को जोड़ रहा है

(iv) <u>जिनके</u>

(A) उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, संबंध कारक

(B) मध्यमपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, संबंध कारक

(C) उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक

(D) अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, आदरार्थक बहुवचन, संबंध कारक

(v) <u>तुलसी</u>

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, संबंध कारक

(B) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, संबंध कारक

(C) भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक


collegedunia

**6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'बहुत काली सिल
जरा-से लाल केसर से कि जैसे धुल गई हो' — में अलंकार है :

(A) उत्प्रेक्षा

(B) मानवीकरण

(C) श्लेष

(D) अतिशयोक्ति

(ii) 'देख लो साकेत नगरी है यही, स्वर्ग से मिलने गगन जा रही है ।' — में अलंकार है :

(A) मानवीकरण

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) श्लेष

(iii) 'सिर फट गया उसका वहीं मानो अरुण रंग का घड़ा' — पंक्ति में अलंकार है :

(A) मानवीकरण

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) श्लेष

(iv) 'वन शारदी चंद्रिका-चादर ओढ़े' — में कौन-सा अलंकार है ?

(A) मानवीकरण

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) श्लेष


collegedunia

(v) 'रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून
पानी गए न ऊबरै, मोती मानुस चून' — में अलंकार है :

(A) उत्प्रेक्षा

(B) अतिशयोक्ति

(C) मानवीकरण

(D) श्लेष

**7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

आसमान बादल से घिरा; धूप का नाम नहीं । ठंडी पुरवाई चल रही । ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर-तरंग झंकार-सी कर उठी । यह क्या है – यह कौन है ! यह पूछना न पड़ेगा । बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े, अपने खेत में रोपनी कर रहे हैं । उनकी अँगुली एक-एक धान के पौधे को पंक्तिबद्ध, खेत में बिठा रही है । उनका कंठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर, स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर ! बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं; मेंड़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठते हैं, वे गुनगुनाने लगती हैं; हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते हैं; रोपनी करनेवालों की अँगुलियाँ एक अजीब क्रम से चलने लगती हैं ! बालगोबिन भगत का यह संगीत है या जादू !

(i) कथन और कारण पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए :

*कथन* : धान की रोपनी हो रही है, वातावरण ख़ुशनुमा है ।

*कारण* : आषाढ़ की रिमझिम है ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है ।

(B) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(C) कथन के लिए कारण सही व्याख्या है ।

(D) कथन के लिए कारण सही व्याख्या नहीं है ।


collegedunia

(ii) निम्नलिखित में कौन-सा कथन गद्यांश से संबंधित ***नहीं*** है ?

(A) सब धान के बीज लगा रहे हैं ।

(B) भगत खेत में रोपनी कर रहे हैं ।

(C) बच्चे खेलते हुए झूम रहे हैं ।

(D) औरतें, हलवाहे सब झूम रहे हैं ।

(iii) 'उनका कंठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर, स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर !' — इस कथन का आशय है :

(A) वे कभी सीढ़ी पर चढ़कर गाते और कभी धरती पर उतरकर

(B) उनके साथ पृथ्वी पर खड़े लोग भी गीत गाते

(C) बालगोबिन के संगीत का जादू सबको वशीभूत कर लेता है

(D) उनके संगीत में स्वरों का उतार-चढ़ाव सहज ही आकर्षित करता है

(iv) 'यह क्या है – यह कौन है !' — यहाँ 'यह' किसके लिए आया है ?

(A) वर्षा-बूँदों की टप-टप

(B) बच्चों की किलकारियाँ

(C) बालगोबिन की मधुर आवाज़

(D) लोगों की संगीत लहरी

(v) 'पुरवाई' से क्या तात्पर्य है ?

(A) पूर्वजों का आशीर्वाद

(B) पूर्व से आने वाली हवाएँ

(C) वर्षा के दिन की ठंडक

(D) सावन मास में चलने वाली हवाएँ


collegedunia

**8.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में हालदार साहब को कौन-सी बात अच्छी ***नहीं*** लगी ?

(A) पानवाले द्वारा कैप्टन का उपहास उड़ाना

(B) कैप्टन द्वारा मूर्ति पर चश्मा लगाना

(C) पत्थर की मूर्ति पर असली चश्मा

(D) ड्राइवर का झटके से जीप रोकना

(ii) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के अनुसार कौन-सा कथन सही है ?

(A) गाड़ी के सेकंड क्लास के डिब्बे में कुछेक लोग थे ।

(B) नवाब साहब ने संगति के लिए तुरंत हाथ बढ़ाया ।

(C) नवाब साहब ने लेखक को ककड़ी के लिए पूछा ।

(D) नवाब साहब ने एक-एक फाँक खिड़की से बाहर फेंक दी ।

**9.** पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

बिहसि लखनु बोले मृदु बानी । अहो मुनीसु महाभट मानी ।।
पुनि-पुनि मोहि देखाव कुठारु । चहत उड़ावन फूँकि पहारू ।।
इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं । जे तरजनी देखि मरि जाहीं ।।
देखि कुठारु सरासन बाना । मैं कछु कहा सहित अभिमाना ।।
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी । जो कछु कहहु सहौं रिस रोकी ।।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई । हमरे कुल इन्ह पर न सुराई ।।

(i) लक्ष्मण द्वारा रघुकुल में किस-किस पर शूरवीरता न दिखाने की बात कही गई ?

(A) सुर, ब्राह्मण, भगवान के भक्त, गायक

(B) सुर, महिसुर, हरिजन, गायिका

(C) देवता, ब्राह्मण, भगवान के भक्त, गाय

(D) असुर, ब्राह्मण, भगवान के भक्त, गाय


collegedunia

(ii) 'यज्ञोपवीतधारी ब्राह्मण समझकर हम अपने क्रोध को नियंत्रित कर आपके कठोर व्यवहार को सहन कर रहे हैं।' — यह भाव किस पंक्ति में आया है ?

(A) बिहसि लखनु बोले मृदु बानी । अहो मुनीसु महाभट मानी ।।

(B) पुनि-पुनि मोहि देखाव कुठारु । चहत उड़ावन फूँकि पहारू ।।

(C) देखि कुठारु सरासन बाना । मैं कछु कहा सहित अभिमाना ।।

(D) भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी । जो कछु कहहु सहौं रिस रोकी ।।

(iii) 'इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं । जे तरजनी देखि मरि जाहीं ।' — का आशय है :

(A) हम कुम्हड़े का फल नहीं जो देखते ही मुरझा जाएँगे ।

(B) हम कुम्हड़े का फल नहीं जो छूते ही सूख जाएँगे ।

(C) हम दुर्बल नहीं जो आपके क्रोधपूर्ण वचनों से डर जाएँगे ।

(D) हम दुर्बल नहीं जो आपके फरसे को देखकर डर जाएँगे ।

(iv) इन पंक्तियों में लक्ष्मण ने परशुराम के लिए व्यंग्य में क्या कहा ?

(A) मुनीश्वर आपने अनेक राजाओं से भूमि जीतकर ब्राह्मणों को दी है ।

(B) हे मुनिवर आपके बारे में ज्ञात है कि आप तो क्षत्रियकुल के विनाशक हैं ।

(C) हे मुनिश्रेष्ठ महान योद्धा होते हुए आपको बार-बार फरसा दिखाने की आवश्यकता क्या है ?

(D) हे मुनिवर आपके पास तो वह फरसा है जिससे आपने राजा सहस्रबाहु का वध किया था ।

(v) लक्ष्मण कोमल वाणी में किन्हें संबोधित कर रहे हैं ?

(A) मुनिवर परशुराम

(B) दशरथपुत्र राम

(C) गुरु विश्वामित्र

(D) राजा जनक


collegedunia

**10.** पठित कविताओं के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए : *2×1=2*

(i) 'उत्साह' कविता में बादलों की तुलना किससे की गई है ?

(A) हाथी-दल

(B) घुँघराले बाल

(C) भैंसों का झुंड

(D) विषधर समूह

(ii) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के संदर्भ में लिखिए कि 'कठोर मन' कब पिघल जाता है ।

(A) बिछुड़े मित्र के मिलने से

(B) प्यार भरा सान्निध्य पाकर

(C) बगीचे की सुंदरता देखकर

(D) बालपन के सहज स्पर्श से

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में कैप्टन नेताजी की मूर्ति पर अनजाने में चश्मा लगाकर और उसके जाने के बाद बच्चे उस पर चश्मा लगाकर अपनी देशभक्ति को प्रगट करते हैं । आप अपनी देशभक्ति को किन-किन कार्यों/व्यवहार के माध्यम से प्रकट करते हैं ?

(ख) 'संस्कृति' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि आत्म-विनाश के साधनों का आविष्कार कराने वाली मानव की योग्यता को संस्कृति कहा जाना चाहिए या असंस्कृति ।

(ग) 'शहनाई' के बारे में आप क्या जानते हैं ? उसका वर्णन 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर कीजिए ।

(घ) 'एक कहानी यह भी' पाठ में 'धरती से कुछ ज्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति थी शायद उनमें' – यह कथन किसके लिए कहा गया है और क्यों ?


collegedunia

**12.** निर्धारित कविताओं पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'फसल' कविता सामूहिक कार्य का अच्छा उदाहरण है – इस कथन पर टिप्पणी लिखिए ।

(ख) संगतकार की भूमिका पर कविता के संदर्भ में अपने विचार लिखिए ।

(ग) यदि जयशंकर प्रसाद अपने जीवन का सार सच्चाई, ईमानदारी से लिखते तो क्या परिणाम हो सकता था ?

(घ) सूरदास की गोपियों ने उद्धव को 'बड़भागी' किस उद्देश्य से कहा है ?

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'माता का अँचल' पाठ में तारकेश्वरनाथ की अपने पिता के साथ बचपन में घटित किसी घटना का उल्लेख करते हुए आप स्वयं के बाल्य जीवन के वृत्तांत की किसी घटना का उल्लेख कीजिए ।

(ख) तिस्ता नदी और 'सेवन सिस्टर्स वॉटर फॉल' के प्राकृतिक सौंदर्य को लेखिका ने किस प्रकार चित्रित किया है ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' – पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ग) "विज्ञान एक तरफ विकास है, तो दूसरी ओर विनाश ।" विज्ञान को विकास की ओर कैसे उन्मुख किया जा सकता है ? "मैं क्यों लिखता हूँ" – पाठ के संदर्भ में इस विषय पर अपने सुझाव लिखिए ।

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) घर की स्तंभ है नारी

संकेत-बिंदु

- कैसे
- घर की आधारशिला
- घरेलू-मोतियों को जोड़ने वाला धागा

(ख) मेरा प्रिय खेल फुटबॉल

संकेत-बिंदु

- फुटबॉल के खेल का परिचय
- प्रिय क्यों
- खेल-भावना


collegedunia

(ग) अंतरिक्ष पर्यटन

संकेत-बिंदु

- जल्द ही मिलेगा बढ़ावा
- मनोरंजक सैर
- रोमांचक यात्रा

**15.** (क) आप सुशील/सुशीला हैं । अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर 'हॉकी' प्रशिक्षण की व्यवस्था करवाने के लिए निवेदन कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप नेहा/जसविंदर हैं । आप छुट्टियों में कश्मीर घूम कर आए हैं । अपने मित्र अनन्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर इसकी विस्तृत जानकारी दीजिए । *5*

**16.** (क) आप विलियम/जिमी हैं । दवाइयों के डिस्ट्रीब्यूटर के यहाँ टेलीफोन ऑपरेटर के लिए पद रिक्त है । उसके आवेदन के लिए लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप हरदीप/स्नेहा हैं । आपने अपने मुहल्ले में जल-भराव की समस्या के लिए नगर-निगम अधिकारी को पत्र लिखा था जिस पर तुरंत ही कार्रवाई की गई । उसके लिए संबंधित अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापन के लिए 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए । *5*

**17.** (क) आप मुजाहिब/ताहिरा हैं । आप अपना लैपटॉप बेचना चाहते/चाहती हैं उससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) आप जोसफ/लिन हैं । अपने मित्र को ऊँची कूद के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने के लिए लगभग 40 शब्दों में बधाई-संदेश लिखिए । *4*


collegedunia